दैनिक भास्कर 18/08/2022

# भंगड़ा प्रस्तुति के लिए पीएम ने शालिनी का किया सम्मान



**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज की छात्रा कैडेट शालिनी का चयन- राष्ट्रीय स्वतंत्रता दिवस परेड के लिए किया गया। शालिनी ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पहले राष्ट्रगान के माध्यम से लाल किले की प्राचीर से सभी को मंत्रमुग्ध किया, फिर एक हरियाणवी लोक गीत के माध्यम से यश प्राप्त किया। उसके इस हुनर को देखते हुए रक्षा राज्यमंत्री एवं डीजी लेफ्टिनेंट जनरल गुरुदेव पाल सिंह ने उनके साथ मंत्रणा की। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भंगड़ा नृत्य के लिए शालिनी को सम्मानित किया। कॉलेज प्रबंधन समिति और प्रिंसिपल डॉ. वीके जैन ने शालिनी को सम्मानित किया। कैप्टन एसएस नैन और डॉ. अनुपमा सिहाग के नेतृत्व में कैडेट शालिनी को अंडर-ऑफिसर के पद से गौरवान्वित किया।